# हमें वो करना है जो हमारे और दूसरों के लिए सही है

हम जितना मेडिटेशन करते जाते हैं अपने अन्दर ताकत भरती जाती है। ताकत मतलब क्या कि मेरे मन की स्थिति आपके ऊपर डिपेंडेंट नहीं है। यही है ना सिर्फ! मेरे मन की स्थिति परिस्थिति पर, व्यक्ति पर, वस्तु पर डिपेंडेंट नहीं है। मेरे मन की स्थिति मेरी अपनी है। इसका मतलब धागा कट बीच का। अब जैसे ही ये धागा कटेगा, अभी भी प्यार है, बहुत प्यार है, लेकिन अब क्या नहीं है? अब अगर वो दर्द में जाते हैं तो मेरे पास च्वॉइस है। क्योंकि धागा कट चुका है बीच का, अब धागा कट गया मतलब मैंने ये रियलाइज़ कर लिया है कि अब अगर वो दर्द में जायेंगे तो मुझे जाना ही है। मेरे पास च्वॉइस है।

इस समय अपने लिए और उनके फायदे के लिए है। मैं चूज़ करता हूँ कैसे रहना है स्टेबल, क्योंकि मैं स्टेबल रहता हूँ। उस समय भी प्यार दे रहा हूँ, ये बहुत बड़ी गलतफहमी है। जो हम कहते हैं कि अगर अध्यात्म का अभ्यास करेंगे, मेडिटेशन करेंगे तो हम बहुत डिटैच हो जायेंगे। तो डिटैच शब्द को कैसे लेते हैं? बहुत निगेटिव। डिटैच हो जायेंगे तो ये समझते हैं कि ये अपने घर से, अपने परिवार से कैसे हो जायेंगे, बहुत रूखे-रूखे हो जायेंगे। ये ख्याल नहीं करेंगे, ये ध्यान नहीं देंगे। वास्तव में तो वो क्या करेंगे और भी ज़्यादा अच्छी तरह से कर सकेंगे क्योंकि अब वो जो करेंगे उनके लिए करेंगे। वो गुस्सा करेंगे तो भी आप शांत रहेंगे तो आपका रिश्ता पहले से भी बैटर हो जायेगा। इसका मतलब आपकी एक्सपेक्टेशन्स औरों से



ब्र.कु. शिवानी बहन, जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा

कम होती जायेगी। क्योंकि अब हमारी स्थिति उनके बोल या उनके व्यवहार पर डिपेंडेंट नहीं है। जैसे ही ये स्थिति की प्रैक्टिस होने लगी वैसे ही एक्सपेक्टेशन्स धीरे-धीरे खत्म।

आपको ये करना आपके लिए अच्छा है। आप पढ़ोगे तो आपके मार्क्स अच्छे आयेंगे, ये आपके लिए अच्छा है। मेरी खुशी में कोई ऊपर-नीचे नहीं होने वाला आपकी परसेंटेज के साथ। अभी क्या हो रहा है एक प्रतिशत ज़्यादा तो ज़्यादा खुशी, 2 प्रतिशत कम आ गये तो हमारे भी दो प्रतिशत कम खुशी। तो हमारी भी खुशी उनके साथ ऊपर-नीचे होती है, तो हम उनके ऊपर डिपेंड हुए। तो डिटैचमेंट हमें और भी क्या बना देगी? स्ट्रॉन्ग। और जितना स्ट्रॉन्ग बना देगी उतने हमारे रिश्ते? इस बात का ध्यान रखना है कि कई बार हमारे परिवार में से एक जन आता है मेडिटेशन करने के लिए, सीखने के लिए तो बाकी घर के लोग रोकने लगते हैं उनको। पिक्चर जायेंगे कोई नहीं रोकेगा, किटी पार्टी में जायेंगे, इधर-उधर जायेंगे कोई नहीं रोकेगा, और ये बोलेंगे कि जाना चाहिए, मिलना चाहिए सबको, करना चाहिए सब, जो सारी दुनिया कर रही है। लेकिन यहाँ जायेंगे तो... क्योंकि हमें लगता है वहाँ जायेंगे तो ये गया। तो ये सोचना है कहाँ हमारा और कहाँ हमारे परिवार का फायदा हो रहा है और कहां और ही नुकसान हो रहा है, ये ज़रूरी है। लेकिन हम सिर्फ ये देखते हैं कि सब लोग क्या कर रहे हैं! यही देखेंगे ना! तो जो सब लोग कर रहे हैं वो सही हो गया। ये नहीं देखते कि जो सब लोग कर रहे हैं वो सभी लोगों का रिज़ल्ट क्या है, वो सब कर-कर के। जो सब लोग कर रहे हैं वो भी हम करेंगे, तो जो सबका रिज़ल्ट होगा वो ही फिर हमारा भी रिज़ल्ट होगा। अगर हम अच्छा कोई और रिज़ल्ट चाहते हैं तो हमें कुछ डिफ्रेंट करना पड़ेगा। और उसके लिए हमें डिफ्रेंट सोचना पड़ेगा। - क्रमशः



**दिल्ली-मदनपुर खादर।** हर्ष मल्होत्रा को सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री बनाये जाने पर आहिल विला में उनके सम्मान में आयोजित समारोह में गुलदस्ते के साथ उनका स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. हेमलता दीदी। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें जिला मंत्री, अध्यक्ष, पार्षद, लोकसभा प्रभारी आदि अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।



**रशिया-मॉस्को।** रूसी संघ में भारत के राजदूत के रूप में नियुक्त होने के बाद विनय कुमार एवं भारतीय दूतावास की प्रथम महिला श्रीमती इओना सिन्हा का ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र में प्रथम बार आना हुआ। जहाँ पर ज्ञानचर्चा हुई और उन्होंने अपना अनुभव भी सभी के साथ साझा किया। इस मौके पर राजयोगिनी ब्र.कु. सुधा दीदी, ब्र.कु. डॉ. विजय कुमार, ब्र.कु. इरिना लेम्बर्ग सहित अन्य भाई-बहनें मौजूद रहे।



**नेपाल-वीरगंज।** ब्रह्माकुमारीज़ के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउण्ट आबू के मीडिया प्रभाग एवं ब्रह्माकुमारीज़ वीरगंज के संयुक्त तत्वाधान में संस्थान के विश्वदर्शन भवन सेवाकेंद्र में मीडिया कर्मियों के लिए 'स्वस्थ और सुखी समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण- मीडिया की भूमिका' विषयक क्षेत्रीय सेमिनार एवं अन्तर क्रियात्मक कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ वीरगंज सबज़ोन की निदेशिका ब्र.कु. रवीना दीदी, नेपाल पत्रकार महासंघ के केंद्रीय सचिव दीपेन्द्र चौहान, ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक तथा कोर कमेटी मेम्बर डॉ. ब्र.कु. शान्तनु भाई,माउण्ट आबू, हैदराबाद से आईं ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिक ब्र.कु. सरला आनन्द, गुरुग्राम से आये श्रीमत एक्सप्रेस दैनिक के प्रधान सम्पादक तथा वरिष्ठ पत्रकार डॉ. दीन दयाल मित्तल, नेपाल पत्रकार संघ,मधेश प्रदेश के महासचिव श्याम बंजारा, वरिष्ठ लेखक तथा पत्रकार चन्द्र किशोर झा, ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग दिल्ली ज़ोन की संयोजिका ब्र.कु. सुनीता बहन, राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. मीना बहन, ब्रह्माकुमारीज़ वीरगंज मीडिया प्रभाग के क्षेत्रीय संयोजक ब्र.कु. गोवर्धन भाई, ब्र.कु. बेली बहन, क्षेत्रीय उपसंयोजक ब्र.कु. गोकुल भाई तथा अन्य ब्र.कु भाई-बहनों सहित बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी मौजूद रहे।



**बेलारूस।** ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी के बेलारूस की वीर भूमि ब्रेस्ट में जाने के 33वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में राजयोगी ब्र.कु. विजय भाई ने शामिल होकर सभी को ईश्वरीय ज्ञान और गुणों से लाभान्वित किया। इसके साथ ही ब्रेस्ट किले की यात्रा के दौरान विजय भाई ने पायनियर संगठन की प्रमुख श्रीमती गैलिना इवानोवा से भी मुलाकात की।



**हाजीपुर-राजपूत कॉलोनी(बिहार)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र में सेवाकेंद्र की संचालिका ब्र.कु. अंजलि बहन सहित कार्यक्रम में शामिल 65 भाई-बहनों ने सामूहिक रूप से विभिन्न शारीरिक योगासन व प्राणायाम किये तथा साथ ही राजयोग मेडिटेशन का भी अभ्यास किया।



**राँची-हरमू रोड(झारखण्ड)।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित श्री श्री 108 हनुमान मंदिर नवनिर्माण समिति, नामकुम बाज़ार,नामकुम,राँची में द्वादश ज्योतिर्लिंगम दर्शन मेला में दीप प्रज्वलित करते हुए पंडित प्रभात कृष्णा शास्त्री, पंडित अंकित मिश्रा, शम्भू चौधरी समाजसेवी, ब्र.कु. निर्मला दीदी,ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र संचालिका, उषा मंत्री समाजसेवी, किशोर मंत्री अध्यक्ष झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स, जयंत शाहदेव समाजसेवी तथा पवन सरावगी।



**तिनसुकिया-असम।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र पर आयोजित त्रिदिवसीय समर कैम्प में सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. रजनी दीदी, वरिष्ठ राजयोगी ब्र.कु. विनोद भाई, राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. लीला बहन एवं ब्र.कु. पूनम बहन द्वारा बच्चों का विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन किया गया। ब्र.कु. कल्याणी बहन एवं ब्र.कु. रूबुल भाई ने विभिन्न एक्टिविटीज़ एवं वैल्यू गेम्स कराये। इस दौरान बच्चों के अभिभावक भी शामिल रहे।



**सिमराही बाज़ार-बिहार।** बाल व्यक्तित्व विकास के अंतर्गत वृक्षारोपण तथा आध्यात्मिक ज्ञान चर्चा के पश्चात् समूह चित्र में ब्र.कु. बबिता बहन, ब्र.कु. वीना बहन, प्रो. मुकुंद अग्रवाल, किशोर भाई तथा अन्य।


FOR ONLINE TRANSFER

Pay Directly to: osmorerf@indianbk

BANK NAME:- INDIAN BANK
BRANCH:- Shantivan,Talhati
ACCOUNT :- OM SHANTI MEDIA OF RERF
ACCOUNT NO:- 7552337300,
IFSC - CODE:- IDIB000S319

Note:- AfterTransfer send detail on
E-Mail - omshantimedia.acct@bkivv.org
E-Mail - omshantimedia@bkivv.org



ओमशान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें

कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़,शान्तिवन,तलहटी,
पोस्ट बॉक्स न-5,आबू रोड, राज. 307510
संपर्क- M- 9414006096, 9414154344, 9414182088
Email-omshantimedia@bkivv.org

सदस्यता शुल्क : भारत - वार्षिक - ₹-240, तीन वर्ष - ₹- 720, आजीवन - ₹- 6000

Website: www.omshantimedia.org